*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0405276

# 02 (H)

(MARCH, 2017)

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ **OMR** શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **04** |

ay 1

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**

**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
2) प्रश्नों की क्रम संख्या 1 से 50 है। हरेक प्रश्न का गुण 1 है ।
3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना।
4) आपको अलग से दिए गये **O.M.R.** पत्रक में प्रश्नों के सामने **(A) O, (B) O, (C) O** और **(D) O** दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।
5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को **O.M.R.** शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) रीतिवाचक क्रिया विशेषण पहचानिए।

   (A) वह सुबह से चल रहा है।

   (B) बन्दर पेड़ से नीचे उतरा।

   (C) लड़का जैसे-तैसे घर आ गया।

   (D) तुम बहुत सुन्दर लिखते हो।

2) निम्नलिखित वाक्य में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

   (A) परीक्षा के दिन चल रहे हैं।

   (B) साहेब मेरे को तंग नहीं करने का।

   (C) राजा दशरथ के चार बेटा था।

   (D) आज मैंने भोजन नहीं किया।

3) निपात अव्यय वह होता है जो ......... ।

(A) जो शब्द क्रिया विशेषण की विशेषता बतलाता है।

(B) जो अव्यय दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ता है।

(C) शब्द विशेष पर जोर देने के लिए जिसका प्रयोग किया जाता है।

(D) क्रिया के सम्पन्न होने की रीति बताता है।

4) मैं मोहन के साथ उसके घर गया–रेखांकित पद क्या है?

(A) सर्वनाम।

(B) विशेषण।

(C) क्रिया।

(D) संज्ञा।

5) निम्नलिखित वाक्यों में से साधारण वाक्य पहचानिये।

(A) राम पुस्तक पढ़ता है।

(B) राम ने कहा वह बाजार जा रहा है।

(C) जिधर तुम देख रहे थे उधर कुछ भी नही है।

(D) मैं आया और वह चला गया।

6) जिसे भस्मक रोग होता है वह क्या करता है?

(A) वह सोता ही रहता है।

(B) वह पानी पीता ही रहता है।

(C) वह खाता ही चला जाता है।

(D) वह निरन्तर बोलता ही रहता है।

7) दहेज कहानी के लेखक का नाम क्या है?

(A) श्री प्रेमचन्दजी

(B) श्री रविन्द्र नाथ ठाकुर

(C) श्री नागार्जुन

(D) श्री फणीश्वरनाथ रेणु

8) लू–हित का क्या अर्थ होता है?

(A) तारों की राजकन्या।

(B) देवकन्या।

(C) राजकन्या।

(D) प्रजा की कन्या।

9) अध्ययन किसका प्रधान साधन है?

(A) धन का।

(B) ज्ञान का।

(C) अज्ञानता का।

(D) समानता का।

10) शेख सादी ने ऐसा क्यों कहा है कि 'तवंगरी बदिलस्त न बमाल' इसका अर्थ क्या होगा?

(A) अमीरी दिल से होती है माल से नहीं।

(B) अमीरी मन से होती है माल से नहीं।

(C) अमीरी विचारों से होती है माल से नहीं।

(D) अमीरी सोच से होती है माल से नहीं।

11) "मैं कहता हूँ इसे पीटना है तो उधर जाकर पीटो"। यह वाक्य किसने कहा है?

(A) श्रीमती शेठ।

(B) रामलखन।

(C) मिस्टर शेठ।

(D) श्रीमती सरलादेवी।

12) रस की स्थिति प्रकृति की आत्मा में एक ......... है।

(A) सनातन प्रक्रिया।

(B) अल्पकालीन प्रक्रिया।

(C) दीर्घ कालीन प्रक्रिया।

(D) समकालीन प्रक्रिया।

13) सिस्टर क्रिस हेल्ड का तबादला किस सेवा केन्द्र पर हुआ था?

(A) असम के सेवा केन्द्र।

(B) कलकत्ता के सेवा केन्द्र।

(C) धानी के भील सेवा केन्द्र।

(D) ढाका के सेवाकेन्द्र।

14) द्रोणाचार्य ने महाभारत युद्ध के पन्द्रहवें दिन किस व्यूह की रचना की थी?

(A) कमलव्यूह।

(B) पाषाणव्यूह।

(C) पद्माकरव्यूह।

(D) जलव्यूह।

15) टोपी और इफ्फन दोनों एक दूसरे के पूरक नहीं बल्कि दोनों ......... हैं।

(A) आजाद व्यक्ति हैं।

(B) एक दूसरे के विपरीत हैं।

(C) सहयोगी हैं।

(D) गुलाम हैं।

16) जगतराम नामक पात्र किस पाठ में आया हुआ है?

(A) बचपन और विद्यार्थी जीवन।

(B) अधिकार का रक्षक।

(C) त्रास।

(D) गाँव का जीवन।

17) निशान्त घर पहुँचने में बिलम्ब करता है क्योंकि .......।

(A) मम्मी बिलम्ब आने के कारण आड़े हाथों लेगी।

(B) पिताजी का सामना न हो जाय।

(C) पिताजी देर से आने का कारण पूछेंगे।

(D) माताजी के क्रोध का सामना न करना पडे।

18) मालवीय जी कोई देवता थे जो हम लोगों के ........ कारण यहाँ पैदा हुए थे।

(A) महापुण्य

(B) अहोभाग्य

(C) महाविनाश

(D) सद्कर्म

19) अहोम राजाओं की राजधानी का नाम क्या है?

(A) सोनारी

(B) कोहिमा

(C) सोनपुर

(D) सोनगढ़

20) विद्याभ्यासी पुरुष किससे प्रेम करते हैं?

(A) कहानियों से।

(B) वेदों से।

(C) पुस्तकों से।

(D) रामायण से।

21) दादु दयाल जी का पंथ कैसा है?

(A) सगुण विकेश्वरवादी।

(B) निर्गुण एकेश्वरवादी।

(C) पक्षपाती।

(D) बिना पक्ष के।

22) कवि की आत्मा कब क्या बनकर बरसेगी?

(A) जल की धारा बनकर।

(B) वर्षा की बूंद।

(C) धूप बनकर।

(D) चाँदनी बनकर।

23) हमारी विजय किस रुप में हँस रही है?

(A) नयी ऊषा सी।

(B) नवयुग।

(C) नये सूर्योदय सी।

(D) प्राचीन काल सी।

24) सावन में किस वृक्ष की कलियाँ पल–पल बढ़ रही है।

(A) चमेली।

(B) मोगरा।

(C) बेला।

(D) रातरानी।

25) वीरों का कैसा हो वसन्त? यह पुकार कहाँ से आ रही है?

(A) अरावली।

(B) गिरनार।

(C) विन्ध्याचल।

(D) हिमालय।

26) कुछ दीपों के बुझ जाने से क्या नहीं मरा करता?

(A) सावन।

(B) घर।

(C) आँगन।

(D) उपवन।

27) कवि ने जमीं का स्वर्ग किसे कहा है?

(A) मुंबई।

(B) अल्मोड़ा।

(C) कुलूमनाली।

(D) काश्मीर।

28) .......... सेढ़की सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं।

(A) चादर।

(B) बर्फ।

(C) गंदगी।

(D) कोहरे।

29) रंग बिरंगी किताबों को किसने खा लिया है?

(A) जानवर।

(B) कीड़े मकोड़े।

(C) दीमक।

(D) मानव।

30) क्रान्तिबीज बोने कौन आयेगा?

(A) बूढ़े लोग।

(B) बच्चे।

(C) विरले लोग।

(D) देशवासी।

31) बेर बेचने वाली औरतों के मैले व फटे हुए कपड़ों से क्या झाँकती है?

(A) सूखी माँसपेशियाँ।

(B) सूखा मुख।

(C) उनके नेत्र।

(D) पके बेर।

32) साधू की तुलना कवि ने किंससे की है?

(A) छिपकली।

(B) गिरगिट।

(C) बंदर।

(D) शेर।

33) कवि क्या मिटाते हुए चलने को कहा है?

(A) गरीबी।

(B) भुखमरी।

(C) गुलामी का चिन्ह।

(D) भ्रष्टाचार।

34) कवि ने सड़क पर किन वस्तु को सूँघने के लिए कहता है?

(A) खून।

(B) फूल।

(C) रोटी।

(D) टिफिन कैरियर।

35) फ्रेमों में किसके चित्र नहीं मढ़े जाते?

(A) रिश्तेदारों के।

(B) यारों के।

(C) दुश्मनों के।

(D) माता पिता के।

36) 'परमेश्वर' शब्द का संधि विच्छेद होगा?

(A) परमा + इश्वर।

(B) परमा + ईश्वर।

(C) परम + ईश्वर।

(D) पर्म + ईश्वर।

37) निम्नलिखित शब्दों में से कौन सी विसर्ग संधि है?

(A) हरीश।

(B) जगन्नाथ।

(C) निस्तेज।

(D) विद्यालय।

38) अव्ययीभाव समास का उदाहरण कौन सा है?

(A) माता–पिता।

(B) आजीवन।

(C) रसोईघर।

(D) नवरात्रि।

39) 'सुबरन को खोजत फिरत, कवि व्यभिचारी चोर।' में अलंकार कौन सा है?

(A) वक्रोक्ति अलंकार।

(B) यमक अलंकार।

(C) अनुप्रास अलंकार।

(D) श्लेष अलंकार।

40) भ्रान्तिमान अलंकार पहचानिये।

(A) कोयल मदमाती भई, झूमत अम्बा बौर।

(B) कनक–कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय।

(C) यही है यह धारा नगरी गगन को है छूने जा रही।

(D) पाँय महावर दैन को, नाईन बैठी आय।
फिरि–फिरि जानि महावरी, एड़ी मीड़त जाय।

41) 'फुले कास सकल महि छाई, जनु बरसाकृत प्रकट बुढ़ायी'। इस काव्य पंक्ति में छन्द पहचानिये।

(A) सोरठा।

(B) दोहा।

(C) चौपाई।

(D) कुंडलियाँ।

42) 'सोरठा' छंद का उदाहरण कौन सा है?

(A) नाथ शंभु धनु भंजनिहारा, होइहैं कऊ एक दास तुम्हारा।

(B) मेरा वीर लुहारिया तू जिन जारै मोंहि।

(C) नाथ के तीखे वचन उर में लगे जब तीर से।

(D) सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे अटपटे।

43) 'मन मसोस कर रह जाना' मुहावरे का क्या अर्थ होगा?

(A) कुछ न कर पाना।

(B) बहुत प्रेम करना।

(C) क्रोध व्यक्त करना।

(D) जोर से चिल्लाना।

44) 'साँप मरे न लाठी टूटै' कहावत का अर्थ क्या है?

(A) लाभ मिलना।

(B) लाभ ही लाभ।

(C) बिना नुकसान कार्य सिद्ध होना।

(D) हानि न होना।

45) 'जो बात कही न जा सके' शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

(A) काल्पनिक।

(B) कथनीय।

(C) अकथनीय।

(D) अविचारणीय।

46) मित्र शब्द में कौन सा उपसर्ग लगाने से उसका अर्थ उल्टा हो जायेगा।

(A) अ ।

(B) सु ।

(C) कु ।

(D) चिर ।

47) कौन सा शब्द 'तनया' शब्द का पर्यायवाची नही है।

(A) आत्मजा।

(B) पुत्री।

(C) सुत।

(D) सुता।

48) निम्नलिखित शब्दों में हर्ष सूचक विस्मयादिबोधक पद कौन सा है?

(A) अरे।

(B) आह।

(C) वाह।

(D) छिः छिः।

49) निषेधात्मक अव्यय का उदाहरण किस वाक्य में है?

(A) मामाजी तो बच गये।

(B) उषा जी बहुत अच्छी गायिका हैं।

(C) बाप रे बाप! यह आदमी कौन है?

(D) न तो वह आया न तो फोन किया।

50) किस वाक्य में प्रक्रिया विशेषण है?

(A) राम तथा सीता बन गये।

(B) बेरोकटोक चले आओ।

(C) माया मिली न राम।

(D) पिताजी खूब ऊँचा सुनते हैं।

# 02 (H)

(MARCH, 2017)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

सूचनाएँ :

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए ।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल 1 से 13 प्रश्न है ।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य है, आंतरिक विकल्प दिये गए है ।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है ।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए ।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये ।

### विभाग-A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दस-बारह वाक्यों में लिखिए :** [4]

1) लेखक ने नीम के पेड़ को सनातन नीम क्यों कहा है?

अथवा

प्रथम मानव उपग्रह की क्या विशेषताएं थी?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** [4]

2) माँ की मृत्यु का धनपतराय पर क्या प्रभाव पड़ा?

अथवा

अकसर कथा किसके दरवाजे पर क्यों होती थी?

3) अन्तिम समय में लाश दफनाने के बारे में दादी ने क्या कहा?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए :** [3]

4) पहचान कविता का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

ये सिर्फ किवाड़ नहीं है- काव्य पंक्ति में कवि का क्या तात्पर्य है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** [4]

5) कवि ने भूकम्प में क्या-क्या ढह जाने की संभावना व्यक्त की है?

अथवा

कवि के श्रम को कब और कैसे सिलसिला मिलेगा?

6) कवयित्री किस-किसकी स्मृतियाँ ज्वलंत करना चाहती है?

## विभाग-B

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ करके पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।** [5]

7) ''जहाँ न पँहुचे रवि वहाँ पहुँचे कवि' यह उक्ति साहित्य की अपार सामर्थ्य और अभिव्यक्ति क्षमता का बोधक है। साहित्यकारों ने मानव जीवन के किस पक्ष को प्रभावित नहीं किया। विश्व के किसी भी देश का इतिहास इस बात का साक्षी है कि साहित्यकारों ने किस प्रकार युग परिवर्तन कराये हैं, किस प्रकार मुर्दों में जान डाली है? किस प्रकार साहित्य ने समाज को विलासिता के पंक में डुबोया है और भारतीय साहित्य का इतिहास इन तथ्यों को स्पष्ट रुप से उजागर करता है। वीर गाथा काल में कवि चन्दबरदायी राजा पृथ्वीराज को युद्ध के उन्माद से भर रहे थे? तो भक्तिकाल में सूर और तुलसी अभितप्त जनमानस को भक्ति की शीतल फुहारों से अभिसिंचित कर रहे थे?

**प्रश्न :**

i) विश्व के किसी भी देश का साहित्य किस बात का साक्षी है?

ii) भक्तिकाल में किन कवियों ने किसे अभिसिंचित किया?

iii) भारतीय साहित्य का इतिहास किन तथ्यों को उजागर करता है?

iv) कवि चन्दबरदायी ने किसके उन्माद को जगाने का कार्य किया?

v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

■ **निम्नलिखित गद्यांश का सारांश एक तिहाई भाग में लिखकर उसका उचित शीर्षक लिखिए।** [5]

8) संसार के इतिहास में वे ही क्षण जीवित हैं, जिनका विकास साहस से हुआ, शेष सब काल के पेट में समा गये। साहस जीवन की गति है, विश्व का विकास है, मानवता का उत्थान है। साहस शारीरिक शक्ति का नाम नहीं, अपितु आत्मा की शक्ति का नाम है। प्रबल विचार शक्ति ही साहस है और जब शक्ति शरीर को आज्ञा देती है तो उसकी आज्ञा के सामने इस पार्थिव शरीर को आग में कूदना पड़ता है, पानी में डूबना पड़ता है, जहर का प्याला पीना पड़ता है, और मौत का आलिंगन करके आराम से लेट जाना पड़ता है। इस प्रकार कोई भी व्यक्ति अपने अटल साहस से स्वयं सदा के लिए जीवित हो गया तथा अपने साहस के क्षणों को इतिहास के लिए स्थायी बना गया।

## विभाग - C

9) रवि सक्सेना, 32/504, महावीर कुटीर शाहीबाग अहमदाबाद गुजरात से अनड़ा प्रकाशन, चाँदनी चौक, नयी दिल्ली-पुस्तक मँगाने हेतु पत्र लिख रहे हैं- अपने शब्दों में पत्र लिखिए। [5]

10) जनसंचार का हमारे लिए क्या महत्व है? [5]

## विभाग - D

11) **निम्नलिखित काव्य पंक्ति को पूर्ण कीजिए :** [3]

"भर रही कोकिला इधर तान,
..............................,
..............................,
मिलने आये हैं आदि अन्त।

12) **निम्नविधानों में से किसी एक विधान का विचार-विस्तार कीजिए :** [4]

i) "लोभ से भूख बढ़ती है और तृप्ति घटती है"।
ii) "हमारे दु:ख का कारण प्राय: दूसरों का सुख ही हुआ करता है"।

13) **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए :** [8]

i) दहेज प्रथा-एक सामाजिक कलंक।
ii) विज्ञान वरदान या अभिशाप।
iii) साहित्य और समाज।

● ● ●